मैया जी मुझे भोले के दरश करा दो

मैया जी मुझे भोले के दरश करा दे
भोले के दरश करा दे ओ मैया
शंकर जी से मिलवा दे ओ मैया
भोले के दरश करा दे

आप भी आना संग गणपति को लाना
कार्तिक जी से भी मिलवाना
ऐसी कृपा बरस दे, ओ मैया
मैया जी मुझे भोले के दरश करा दे

पञ्च तत्व अभिषेक कराऊँ
पंचाक्षर पद शिव को रिझाऊं
सेवा शिव की दिला दे, ओ मैया
मैया जी मुझे भोले के दरश करा दे

सुन्दर प्यारा रूप निराला
सब के मन को मोहने वाला
बैठा भस्म रमा के, ओ मैया
मैया जी मुझे भोले के दरश करा दे

नीलकंठ कैलाश के वासी
घट घट में है वो अविनाशी
मन मंदिर में बिठवा दे, ओ मैया
मैया जी मुझे भोले के दरश करा दे

जनम जनम से भटक रहा हु
इक दीदार को तरस रहा हु
एक झलक दिखवा दे, ओ मैया
मैया जी मुझे भोले के दरश करा दे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1544/title/maiya-ji-mujhe-bhole-ke-darsh-kara-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |